ing procedures, etc. and new technology to be adopted; and

(d) whether Government have made any appraisal or reviewed all pending 23 projects with the Telecom. Commission; if so, with what results before going in for adoption of New Telecom Policy and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) to (c) Yes, Sir. A Committee within the Department has been constituted headed by Member (Technology), Telecom Commission to suggest guidelines on the implementation of National Telcom Policy. Its report is awaited.

(d) No, Sir. These proposals will now be reviewed in the light of the New Telecom Policy.

दिल्ली में दिये गये नए टेलीफोन

7493. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने दिल्ली में, मार्च, 1994 में कितने नए टेलीफोन कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया था ;

(ख) वास्तविक रूप में उक्त अवधि में कितने टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किए गए तथा शेष नए टेलीफोन कनेक्शनों की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त अवधि में भारी संख्या के टेलीफोन कनेक्शन केवल कागजों पर ही प्रदान किए गए ;

(घ) क्या यह सच है कि नए कनेक्शन वास्तव में मई के दूसरे सप्ताह में दिए गए जबकि कागजी टेलीफोन कनेक्शनों को उचित ठहराने एवं राजस्व के लिए उपभोक्ताओं को मार्च, 1994 से ही बिल जारी किए गए, और

(ङ) यदि हां, उपभोक्ताओं के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है और सरकार निगम के इस प्रकार के कार्य के विरुद्ध और जनता को समय से सही बिल प्राप्ति के लिए क्या प्रभावी कार्रवाई कर रही है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) मार्च, 1994 के महीने के लिए 50000 नए कनेक्शन प्रदान करने का अन्तिम लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

(ख) मार्च, 1994 के दौरान ऊपर निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 65910 नए टेलीफोन प्रदान किए गए हैं।

(ग) जी नहीं। बड़ी संख्या में कनेक्शन जारी करने के मामलों में, जहां एक नया एक्सचेंज चालू किया जाता है, ग्राहक के परिसर में लगाई जाने वाली फिटिंग सहित लाइनों का कार्य अग्रिमतौर पर पूरा किया जाता है और उपकरण को उचित परीक्षण के बाद लगाया जाता है। इन सभी कनेक्शनों को नया एक्सचेंज खोलने के समय चालू किया जाता है। तथापि बड़े पैमाने पर टेलीफोन प्रदान करने के कारण लाइनों में कुछ खराबियां हो सकती हैं। इन्हें शीघ्राशीघ्र ठीक कर दिया जाता है।

(घ) जी नहीं। टेलीफोन कनेक्शनों के वास्तविक रूप से चालू होने/खोलने की तारीख से ही प्रभारों की वसूली की जाती है। तथापि, यदि बिलिंग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसे शीघ्र निपटा दिया जाता है।

(ङ) उपर्युक्त भाग (ग) और (घ) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए, लागू नहीं होता।

संचार मंत्रालय के अधीन कार्यालय भवनों के लिए किराया

7494. **श्री ईश्वर सिंह यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :